Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET 2004 DECEMBER PAPER 2 SHIFT 1 SOCIOLOGY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** Which of the following is a matrilineal society ?

(A) Mundas (B) Khasis (C) Bhils (D) Agami

**2.** An effort to learn certain behaviour patterns by a person for acquiring membership in a non-membership group is called :

(A) conformity (B) socialisation
(C) re-socialisation (D) anticipatory socialisation

**3.** Who among the following gave the concepts of "in-group" and "out-group" ?

(A) W.G. Sumner (B) C.H. Cooley (C) R.K. Merton (D) R. Linton

**4.** When, the folkways of a society include the concept of group welfare they become :

(A) conventions (B) customs (C) rituals (D) mores

**5.** According to Herbert Spencer society evolves from :

(A) militarism to juristic to industrial (B) military type to industrial type
(C) religious type to scientific type (D) magical type to religious type

**6.** According to Karl Marx individuals who share the some economic situation constitute a/an :

(A) objective class (B) oppressive class
(C) exploited class (D) proletarian class

**7.** A change of position that does not result into higher or lower status is called :

(A) Intragenerational mobility (B) Intergenerational mobility
(C) Vertical mobility (D) Horizontal mobility

**8.** A self-sufficient system of interrelationships among people having comprehensive culture is called :

(A) State (B) Nation (C) Culture (D) Society

**9.** In terms of symbolic interactionism "marriage feast" is an example of :

(A) individual act (B) social function (C) social act (D) social fact

**10.** Who has contributed the concept of 'role-distance' ?

(A) Ralph Linton (B) Robert Merton
(C) Ralph Nadel (D) Erving Goffman

**11.** According to Ralph Dahrendorf conflict is inherent in the :

(A) capitalist system (B) authority system
(C) stratification system (D) value system

**12.** According to Weber dowry is an example of :

(A) rational action (B) affective action
(C) traditional action (D) value-rational action

**13.** Pareto advocates :

(A) dialectical methodology (B) logico-experimental methodology
(C) methodology of Verstehen (D) logico-juridical methodology

Prepp
Your Personal Exams Guide

# समाजशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** निम्नांकित में से मातृवंशी समाज कौनसा है?
(A) मुण्डा (B) खासी (C) भील (D) अंगामी

**2.** जब किसी व्यक्ति द्वारा दूसरे समूह की सदस्यता लेने के लिये उस समूह के कुछ व्यवहारों को सीखने का प्रयत्न किया जाता है, तब उसे क्या कहते हैं?
(A) अनुरूपता (B) समाजीकरण
(C) पुनर्समाजीकरण (D) पूर्वभासी समाजीकरण

**3.** "अन्त:समूह" एवं "बाह्य-समूह" की अवधारणा किसने दी है?
(A) डब्ल्यू.जी. समनर (B) सी.एच. कूले (C) आर.के. मर्टन (D) आर. लिन्टन

**4.** जब किसी समाज की लोक प्रथायें समूह-कल्याण का कार्य करती हैं, तब उनको कहते हैं :
(A) रूढ़ियाँ (B) प्रथा (C) कर्मकाण्ड (D) लोकरीतियाँ

**5.** हर्बट स्पेन्सर के अनुसार समाज का उद्विकास किस दिशा में हुआ है?
(A) सैनिकवाद से न्यायवाद से औद्योगिक (B) सैनिकवादी से औद्योगिक
(C) धार्मिक से वैज्ञानिक (D) जादुई से धार्मिक

**6.** कार्ल मार्क्स के अनुसार समान आर्थिक परिस्थिति में सहभागी व्यक्तियों से संघटित समूह को कहते हैं :
(A) वस्तुगत वर्ग (B) दमनात्मक वर्ग
(C) शोषित वर्ग (D) श्रमिक वर्ग

**7.** जहाँ स्थिति में उच्च एवं निम्न पदस्थितियों में परिवर्तन के बावजूद कोई बदलाव नहीं आता उसको कहते हैं :
(A) एकाधिक पीढ़ी के अन्तर्गत गतिशीलता (B) पीढ़ियों में गतिशीलता
(C) उच्चोच्च गतिशीलता (D) समतल गतिशीलता

**8.** सहसम्बन्धों की वह आत्म-पर्याप्ति व्यवस्था जिनमें व्यापक संस्कृति पाई जाती है उसे क्या कहते हैं?
(A) राज्य (B) राष्ट्र (C) संस्कृति (D) समाज

**9.** प्रतीकात्मक अन्त:क्रियावाद के अनुसार 'विवाह भोज' किसका उदाहरण है?
(A) व्यक्तिगत कार्य (B) सामाजिक प्रकार्य (C) सामाजिक कार्य (D) सामाजिक तथ्य

**10.** निम्न में से किसने 'भूमिका-दूरी' की अवधारणा प्रस्तुत की है?
(A) राल्फ लिंटन (B) रार्बट मर्टन
(C) राल्फ नैडल (D) इरविंग गॉफमैन

**11.** राफ डैहरनडौर्फ के अनुसार संघर्ष निम्न में से किसमें अन्तरनिहित है?
(A) पूंजीवादी व्यवस्था (B) सत्ता व्यवस्था
(C) संस्तरण व्यवस्था (D) मूल्य व्यवस्था

**12.** वेबर के अनुसार दहेज किस प्रकार की क्रिया का उदाहरण है?
(A) तार्किक क्रिया (B) भावात्मक क्रिया
(C) परम्परागत क्रिया (D) मूल्य तार्किक क्रिया

**13.** पैरेटो कौनसी पद्धति की वकालत करता है?
(A) द्वन्द्वात्मक पद्धति (B) तार्किक-प्रयोगवादी पद्धति
(C) वर्स्टेहेन पद्धति (D) तार्किक-न्यायिक पद्धति

14. An idea, act or object that stands for and expresses the meaning of another idea, act or object is called:
(A) system (B) syncretism (C) symbol (D) synthesis

15. According to Max Weber the full-scale development of the modern bureaucracy is possible only under one of the following authority systems :
(A) Traditional (B) Charismatic (C) Rational-legal (D) Radical

16. According to Durkheim unity based on resemblance is :
(A) organic solidarity (B) mechanical solidarity
(C) high solidarity (D) low solidarity

17. "Social rank is not tied exclusively to the individual's role in economic production". Who said this?
(A) Karl Marx (B) Emile Durkheim
(C) Max Weber (D) Gunnar Myrdal

18. Karl Marx distinguished between :
(A) class and status group
(B) "class-in-itself" and "class-for-itself"
(C) modern and post-modern society
(D) ethnic group and class

19. According to Emile Durkheim, the main function of education is :
(A) Transmission of society's dominant culture from one generation to another
(B) Training new generation to take up modern occupations.
(C) Teaching, reading and writing
(D) Tension - management

20. Which one of the functions, the incest taboo performs ?
(A) Manifest (B) Latent (C) Dysfunction (D) Symbolic

21. Where does the median fall in the following distribution ?

| Range | Frequency |
|---|---|
| 90 - 99 | 1 |
| 80 - 89 | 5 |
| 70 - 79 | 8 |
| 60 - 69 | 7 |
| 50 - 59 | 8 |
| 40 - 49 | 5 |
| 30 - 39 | 3 |
| 20 - 29 | 1 |
| | 38 |

(A) 40 - 49 (B) 50 - 59 (C) 60 - 69 (D) 70 - 79

22. Change in one variable leading to change in another variable is called :
(A) Average (B) Standard deviation
(C) Correlation (D) Anova

**14.** वे विचार, क्रिया या वस्तु जो दूसरे के विचार, क्रिया अथवा वस्तु को अभिव्यक्त करते हैं उसे क्या कहते हैं?

(A) व्यवस्था (B) समन्वयवाद (C) प्रतीक (D) संश्लेषण

**15.** मैक्स वेबर के अनुसार आधुनिक नौकरशाही का सम्पूर्ण विकास निम्नांकित में से केवल एक सत्ता व्यवस्था में संभव है :

(A) पारम्परिक (B) चमत्कारी (C) विवेकी वैधानिक (D) परिवर्तनकारी

**16.** दुर्खीम के अनुसार समानता के आधार पर एकता क्या है?

(A) सावयवी एकता (B) यान्त्रिक एकता

(C) उच्च एकता (D) निम्न एकता

**17.** सामाजिक क्रम आर्थिक उत्पादन में व्यक्तियों की भूमिका से सम्पूर्ण रूप से बंधा नहीं होता। यह किसने कहा है?

(A) कार्ल मार्क्स (B) इमील दुर्खीम

(C) मैक्स वैबर (D) गुन्नर मिरडल

**18.** कार्ल मार्क्स ने निम्न में किस-किस के बीच भेद किया है?

(A) वर्ग एवं प्रस्थिति समूह

(B) "वर्ग स्वयं में" और "वर्ग स्वयं के लिये"

(C) आधुनिक एवं उत्तराधुनिक समाज

(D) नृजातीय समूह एवं वर्ग

**19.** इमील दुर्खीम के अनुसार शिक्षा का मुख्य कार्य है :

(A) समाज की मुख्य संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना

(B) नई पीढ़ी के लोगों को आधुनिक व्यवसायों के लिए तैयार करना

(C) पढ़ाना, पढ़ना और लिखना

(D) तनाव प्रबन्ध

**20.** अगम्यगमन निषेध निम्नांकित में से कौनसा प्रकार्य सम्पन्न करता है?

(A) प्रत्यक्षप्रकार्य (B) अव्यक्त प्रकार्य (C) दुष्क्रिया (D) प्रतीकात्मक

**21.** निम्नांकित वितरण में माध्यिक (मेडीयन) कहाँ अवस्थित है?

| श्रेणी (Range) | बारम्बारिता |
|---|---|
| 90 - 99 | 1 |
| 80 - 89 | 5 |
| 70 - 79 | 8 |
| 60 - 69 | 7 |
| 50 - 59 | 8 |
| 40 - 49 | 5 |
| 30 - 39 | 3 |
| 20 - 29 | 1 |
| | 38 |

(A) 40 - 49 (B) 50 - 59 (C) 60 - 69 (D) 70 - 79

**22.** जब एक चर के परिवर्तन के साथ दूसरे चर में परिवर्तन आता है तो उसको हम क्या कहते हैं?

(A) औसत (B) मानक विचलन

(C) सह सम्बन्ध (D) अनोवा

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** A sample in which the choice of individuals to be studied is more or less mechanical is called :

(A) Probability sample (B) Purposive sample

(C) Cluster sample (D) Stratified sample

**24.** Which one is the mode in the following discrete series ?

12, 14, 16, 13, 16, 14, 12, 16, 17, 16, 18, 16.

(A) 14 (B) 65 (C) 16 (D) 105

**25.** Categories of data must be :

(A) Mutually exclusive (B) Mutually inclusive

(C) Mutually compatible (D) Random

**26.** The ability of a research study/technique/instrument/to test what it was designed to test is known as :

(A) Reliability (B) Longitudinity

(C) Validity (D) Vulnerability

**27.** Changes in the behaviour of research subjects as a result of their knowledge that they are being studied is known as :

(A) Experimental effect (B) Roethelisberger effect

(C) Hawthorne effect (D) Lighting effect

**28.** Who among the following articulated stratification as a functional necessity ?

(A) Ralph Dahrendorf (B) Lewis coser

(C) Claude Levi - Strauss (D) Kingsley Davis and Wilbert Moore

**29.** Cyclical theory of social change has been advanced by sociologists from time to time. Identify the correct order in which their contributions appeared in the sociological literature.

(A) Oswald Spengler, Pitrim Sorokin, Arnold J. Toynbee

(B) Arnold J. Toynbee, Oswald Spengler, Pitrim Sorokin

(C) Pitrim Sorokin, Arnold J. Toynbee, Oswald Spengler

(D) Arnold J. Toynbee, Pitrim Sorokin, Oswald Spengler

**30.** "Karl Marx's stand point on social change is the dialectical process of economic forces in history and evolutionary movement having three phases at every stage of development". The sequences of the three phases are given below. Choose the correct sequence :

(A) Thesis, Antithesis, Synthesis (B) Synthesis, Antithesis, Thesis

(C) Antithesis, Thesis, Synthesis (D) Synthesis, Thesis, Antithesis

**31.** 'Community' refers to :

(a) Joining together of families and other groups for economic interdependence

(b) Joining together of families and other groups for sharing common cultural values.

(c) Other Backward Classes (OBC's) recognised by the government

(d) A caste organisation

**Code :**

(A) (a), (b) and (c) are correct (B) (a) and (b) are correct

(C) (a), (b) and (d) are correct (D) (b) and (c) are correct

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. एक निदर्शन में जब व्यक्तियों का चयन यन्त्रवत होता है तो उसको कहते हैं :
(A) संभावित निदर्शन
(B) लक्ष्यात्मक निदर्शन
(C) झुण्ड निदर्शन
(D) स्तरीय निदर्शन

24. निम्नांकित पृथक श्रृंखला में बहुलक (मोड) कहाँ है?
12, 14, 16, 13, 16, 14, 12, 16, 17, 16, 18, 16.
(A) 14
(B) 65
(C) 16
(D) 105

25. आँकड़ों के प्रकारों को अवश्य होना चाहिये :
(A) परस्पर निवारक
(B) परस्पर सम्बन्धित
(C) परस्पर अनुकूल
(D) अनियत

26. एक शोध अध्ययन की विधियों/उपकरण की क्षमता का परीक्षण इसमें है कि जिस उद्देश्य से उसका चयन किया गया है उसका परीक्षण वह कर पाये। इस क्षमता को कहते हैं :
(A) विश्वसनीयता
(B) देशान्तरीय
(C) वैधता
(D) दोषपूर्णता

27. शोध में उत्तरदात्ता के व्यवहार में इस जानकारी के फलस्वरूप परिवर्तन होना कि उसका अध्ययन किया जा रहा है, इस प्रभाव को कहते हैं :
(A) प्रयोगात्मक प्रभाव
(B) रोथेलिसबरजर प्रभाव
(C) हॉथोर्न प्रभाव
(D) प्रकाशीय प्रभाव

28. निम्नांकित में से किसमें स्तरीकरण को एक प्रकार्यात्मक आवश्यकता के रूप में रेखांकित किया है?
(A) रॉफ डॉहरनडॉर्फ
(B) लेविस कोजर
(C) क्लाउड लेवी स्ट्रॉस
(D) किंग्सले डेविस और विलबर्ट मूर

29. सामाजिक परिवर्तन के चक्रिय सिद्धान्त को समाजशास्त्रियों ने समय-समय पर प्रस्तुत किया है। समाजशास्त्रीय साहित्य में इनके योगदान को प्रस्तुत होने के सही क्रम में पहचान करें।
(A) ओसवाल्ड स्पेंगलर, पितिरिम सोरोकिन, आरनाल्ड जे. टोयनबी
(B) आरनाल्ड जे. टोयनबी, ओसवाल्ड स्पेंगलर, पितिरिम सोरोकिन
(C) पितिरिम सोरोकिन, आरनाल्ड जे. टोयनबी, ओजवाल्ड स्पेंगलर
(D) आरनाल्ड जे. टोयनबी, पितिरिम सोरोकिन, ओसवाल्ड स्पेंगलर

30. कार्ल मार्क्स का सामाजिक परिवर्तन से सम्बन्धित विचार इतिहास में आर्थिक शक्तियों के द्वंद्वात्मक प्रक्रिया और उद्विकासीय गति के तीन चरणों के विकास पर आधारित है। इसके क्रम नीचे दिये गए हैं। सही क्रम की पहचान करें।
(A) थेसिस, एन्टीथेसिस, सिन्थेसिस
(B) सिन्थेसिस, एन्टीथेसिस, थेसिस
(C) एन्टीथेसिस, थेसिस, सिन्थेसिस
(D) सिन्थेसिस, थेसिस, एन्टीथेसिस

31. समुदाय का सम्बन्ध है :
(a) आर्थिक निर्भरता के लिए परिवारों तथा अन्य समूहों का एकजुट होना
(b) समान सांस्कृतिक मूल्यों में सहभागिता के लिए परिवारों तथा अन्य समूहों का एकजुट होना
(c) अन्य पिछड़े वर्गों की सरकारी मान्यता
(d) एक जातीय संगठन

**कोड :**
(A) केवल (a), (b) और (c) सही है
(B) केवल (a) और (b) सही है
(C) केवल (a), (b) और (d) सही है
(D) केवल (b) और (c) सही है

**32.** Match the items in List I with the items in List II and choose the correct answer using the code given below :

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| | **Concept/Idea** | | **Sociologists** |
| (a) | Reference group | (1) | Randall Collins |
| (b) | Bureaucracy | (2) | G.H. Mead |
| (c) | Symbolic Interactionism | (3) | Max Weber |
| (d) | Micro sociology | (4) | R.K. Merton |
| | | (5) | Radcliffe - Brown |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 5 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 5 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**33.** Match the items in List I with the items in List II and choose the correct answer using the code given below :

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| | **Idea/Concept** | | **Scholars** |
| (a) | Evolution | (1) | Ralph Linton |
| (b) | Anticipatory socialisation | (2) | W.F. Ogburn |
| (c) | Role | (3) | R.K. Merton |
| (d) | Cultural Lag | (4) | Herbert spencer |
| | | (5) | Emile Durkheim |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (B) | 5 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 5 | 1 |

**34.** Match the items in List I with the items in List II and choose the correct answer using the code given below :

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Census | (1) | Hindu Family in an urban setting |
| (b) | Street corner society | (2) | Research on a TV serial |
| (c) | Content Analysis | (3) | Survey |
| (d) | Case study | (4) | Participant observation |
| | | (5) | Biography of M.K. Gandhi |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 5 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 5 | 3 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** सूची I को सूची II से जोड़े और कोड के अनुसार सही उत्तर की पहचान करें :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| | **Concept/Idea** | | **Sociologists** |
| (a) | संदर्भ समूह | (1) | रैन्डल कोलिंस |
| (b) | नौकरशाही | (2) | जी.एच. मीड |
| (c) | प्रतीकात्मक अन्तक्रियावाद | (3) | मैक्स वैबर |
| (d) | प्रतीकात्मक अन्तक्रियावाद | (4) | आर.के. मरटन |
| | | (5) | रैडकिल्फ ब्राउन |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 5 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 5 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**33.** सूची I को सूची II से जोड़े और कोड के अनुसार सही उत्तर की पहचान करें :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| | **Idea/Concept** | | **Scholars** |
| (a) | उद्‌विकास | (1) | राफ लिंटन |
| (b) | प्रायसी समाजीकरण | (2) | डब्ल्यू.एफ. ऑगबर्न |
| (c) | भूमिका | (3) | आर.के. मरटन |
| (d) | सांस्कृतिक विलम्बता | (4) | हरबर्ट स्पेन्सर |
| | | (5) | इमील दुर्खीम |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (B) | 5 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 5 | 1 |

**34.** सूची I को सूची II से जोड़े और कोड के अनुसार सही उत्तर की पहचान करें :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | जनगणना | (1) | हिन्दू फेमिली इन एन अरबन सेटिंग |
| (b) | स्ट्रीट कार्नर सोसाइटी | (2) | टी.वी. श्रृंखला पर शोध |
| (c) | विषय वस्तु विश्लेषण | (3) | सर्वेक्षण |
| (d) | केस स्टडी | (4) | सहभागी अवलोकन |
| | | (5) | एम.के. गांधी की आत्मकथा |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 5 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 5 | 3 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

Prepp Your Personal Exam Guide

**35.** In the estate system :

(a) Social position is determined by relationship to the land by birth

(b) Social position is established by military force

(c) Social position is arrived at through consensus

(d) Social position is determined by sale of houses

Choose the correct statement/s using the code

(A) (a) and (c) only (B) (a) and (b) only

(C) (b) and (d) only (D) (a) and (d) only

**36.** Which of the following statements correctly refer to Randall Collins ?

(a) A conflict theory of stratification must examine the material arrangements that affect interaction

(b) Conflict theory must focus on real life rather than abstract formulations

(c) Conflict is only one part of social reality; conflict also leads to change and development

(d) Sociological theory should be divided into two parts, conflict theory and consensus theory.

**Code :**

(A) (a) only (B) (a) and (b) only

(C) (a), (b) and (c) only (D) (a), (b), (c) and (d)

**37.** Match the items in List I with the items in List II and choose the correct answer using the code given below :

| | **List I**<br>**Idea/Concept** | | **List II**<br>**Scholars** |
|---|---|---|---|
| (a) | Quasi group, interest group and conflict group | (1) | Rendall Collins |
| (b) | Conflict is the central process in social life | (2) | Ralph Dahrendorf |
| (c) | Society is not made up of macro-structures. The essence of society is to be found in actors and action | (3) | Herbert Blumer |
| (d) | "Generalised other" | (4) | Erving Goffman |
| | | (5) | G.H. Mead |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (D) | 4 | 2 | 5 | 1 |

**38.** Match List I with the items in List II and choose the correct answer using the code given below :

| | **List I**<br>**(Perspectives)** | | **List II**<br>**(Approach)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Social stratification is a social necessity | (1) | Functional Approach |
| (b) | To each according to need | (2) | Subjective Approach |
| (c) | Social class is determined by the opinions of other members in the community have about an individual | (3) | Marxian Approach |
| (d) | The measurement of status in which the people are asked to put themselves into one of several categories | (4) | Reputational Approach |
| | | (5) | Objective Approach |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 5 | 4 | 3 | 1 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**35.** सम्पदा व्यवस्था में :
(a) सामाजिक स्तर का निर्धारण जन्म से ही जमीन से सम्बन्धित होने के आधार पर होता है।
(b) सामाजिक स्तर सैनिक शक्ति द्वारा स्थापित होती है।
(c) सामाजिक स्तर सर्वसम्मति द्वारा प्राप्त किया जाता है।
(d) सामाजिक स्तर मकानों की बिक्री द्वारा निर्धारित होती है।
कोड के अनुसार सही उत्तर की पहचान करें :
(A) केवल (a) और (c) सही है
(B) केवल (a) और (b) सही है
(C) केवल (b) और (d) सही है
(D) केवल (a) और (d) सही है

**36.** निम्नांकित कथनों में किसका संबंध रैन्डल कोलिंस से है?
(a) स्तरीकरण के संघर्षात्मक सिद्धान्त को अन्त:क्रिया को प्रभावित करने वाली भौतिक व्यवस्थाओं का विश्लेषण अवश्य करना चाहिए।
(b) संघर्षात्मक सिद्धान्त को अमूर्त सूत्रों पर नही, वास्तविक जीवन पर केन्द्रित करना चाहिए।
(c) संघर्ष सामाजिक वास्तविकता का केवल एक हिस्सा है, संघर्ष परिवर्तन तथा विकास भी लाता है।
(d) समाजशास्त्रीय सिद्धान्त को दो भागों में विभाजित करना चाहिये, संघर्षात्मक सिद्धान्त तथा सर्वसम्मति सिद्धान्त।
**कोड :**
(A) केवल (a) सही है
(B) केवल (a) और (b) सरी है
(C) केवल (a), (b) और (c) सही है
(D) सभी (a), (b), (c) और (d) सही है

**37.** सूची I को सूची II से जोड़े और कोड के अनुसार सही उत्तर की पहचान करें :

| **सूची I** **Idea/Concept** | | **सूची II** **Scholars** | |
|---|---|---|---|
| (a) | अर्ध समूह, हित समूह और संघर्ष समूह | (1) | रेनडल कोलिंस |
| (b) | संघर्ष सामाजिक जीवन की केन्द्रीय प्रक्रिया है | (2) | राफ डहरेनडार्फ |
| (c) | समाज का निर्माण बृहत संरचनाओं से नहीं हुआ है। समाज के तत्वकर्त्ता तथा कार्य में पाये जाते हैं। | (3) | हरबर्ट ब्लुमर |
| (d) | "जेनेरलाइज्ड अदर" | (4) | इरविंग गॉफमैन |
| | | (5) | जी.एच. मीड |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (D) | 4 | 2 | 5 | 1 |

**38.** सूची I को सूची II से जोड़े और निम्नांकित कोड के अनुसार सही उत्तर दें :

| **सूची I** **(Perspectives)** | | **सूची II** **(Approach)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | सामाजिक स्तरीकरण एक सामाजिक आवश्यकता है | (1) | प्रकार्यात्मक उपागम |
| (b) | प्रत्येक को उसकी आवश्यकता अनुसार | (2) | आत्मगत उपागम |
| (c) | सामाजिक वर्ग का निर्धारण व्यक्ति के विषय में समुदाय के अन्य सदस्यों के विचारों द्वारा होता है | (3) | मार्क्सवादी उपागम |
| (d) | पदस्थिति के उस माप में जिसमें लोगों को अपने आपको विभिन्न श्रेणियों में सम्मिलित करने को कहा जाता है | (4) | नेकनामी उपागम |
| | | (5) | वस्तुनिष्ठ उपागम |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 5 | 4 | 3 | 1 |

**39.** Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Meanings and symbols allow people to carry on distinctively social action and interaction | - | Symbolic Interactionism |
| (B) | The capacity for thought is shaped by social interaction | - | Biological organicism |
| (C) | The inter twined patterns of action and interaction make up groups and societies | - | Psychological reductionism |
| (D) | People are able to modify meanings and symbols on the basis of their interpretation of the situation | - | Phenomenological sociology |

**40.** Manifest functions of education are :

(a) Cultural transmission
(b) Social control
(c) Control of marriage prospects
(d) Cultural diffusion

(A) (a) and (c) only
(B) (a) and (b) only
(C) (a), (b) and (c) only
(D) (a), (b), (c) and (d)

**41.** Which of the following tools, a social researcher may use in studying social reality of an illiterate population ?

(a) Questionnaire
(b) Schedule
(c) Field notes
(d) Interview

(A) (a) only
(B) (b) and (c) only
(C) (b), (c) and (d) only
(D) (a), (b), (c) and (d)

**42.** Assertion (*A*) : No society permits random sexual behaviour.

Reason (*R*) : All societies have an incest taboo which forbids sexual intercourse among closely related individuals.

**Code :**

(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

**43.** Assertion (*A*) : In a society where mores are ineffective laws are useless.

Reason (*R*) : Wherever anomie is perceived there norms are weak.

**Code :**

(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

**44.** Assertion (*A*) : Diffusion is the introduction and spread of a trait from an external culture

Reason (*R*) : Cultures are constantly coming into contact with one another, either within one society or between societies.

**Code :**

(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

**39.** निम्नांकित जोड़ियों में कौन सही जोड़े हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | अर्थ और प्रतीक लोगों को सामाजिक क्रिया तथा अन्त:क्रिया को सम्पादित करने की सहूलियत देता है | - | प्रतीकात्मक अन्त:क्रिया वाद |
| (B) | विचार की क्षमता सामाजिक अन्त:क्रिया द्वारा निर्धारित होती है | - | जैवकीय अवयववाद |
| (C) | क्रिया और अन्त:क्रिया के आपसी सम्बन्धों के प्रतिरूपों द्वारा समूहों और समाजों का निर्माण होता है | - | मैनोवैज्ञानिक अवकारकवाद |
| (D) | लोग अर्थ और प्रतीकों को परिस्थिति के विश्लेषण के आधार पर परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं | - | घटनाविज्ञानी समाजशास्त्र |

**40.** शिक्षा के प्रत्यक्ष प्रकार्य हैं :

(a) सांस्कृतिक हस्तान्तरण
(b) सामाजिक नियंत्रण
(c) वैवाहिक संभावना का नियंत्रण
(d) सांस्कृतिक प्रसार

(A) केवल (a) और (c)
(B) केवल (a) और (b)
(C) केवल (a), (b) और (c)
(D) केवल (a), (b), (c) और (d)

**41.** सामाजिक शोध की निम्नांकित उपकरणों में से किनका उपयोग निरक्षर आबादी का सामाजिक वास्तविकता के अध्ययन के लिए किया जा सकता है?

(a) प्रश्नावली
(b) अनुसूची
(c) क्षेत्र डायरी
(d) साक्षात्कार

(A) केवल (a)
(B) केवल (b) और (c)
(C) केवल (b), (c) और (d)
(D) केवल (a), (b), (c) और (d)

**42.** दृढ़कथन (*A*) : कोई समाज स्वच्छंद लैंगिक व्यवहार की अनुमति नहीं देता।
तर्क (*R*) : सभी समाजों में अभिगम्यता निषेध है जिसके द्वारा नजदीकी संबंधियों के बीच लैंगिक संभोग की मनाही है।

**कोड :**

(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य है और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य है, परन्तु (*R*), (*A*) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है, परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है, परन्तु (*R*) सत्य है।

**43.** दृढ़कथन (*A*) : किसी समाज में जहाँ लोकाचार अप्रभावी है, वहाँ कानून व्यर्थ है।
तर्क (*R*) : जहाँ प्रतिमानहीनता दृष्टिगोचर होता है, वहाँ मानदण्ड कमजोर होते हैं।

**कोड :**

(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, परन्तु (*R*), (*A*) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है, परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है, परन्तु (*R*) सत्य है।

**44.** दृढ़कथन (*A*) : बाह्य संस्कृति से किसी विशेषक के प्रवेश तथा फैलाव को प्रसार कहते हैं।
तर्क (*R*) : संस्कृतियाँ निरंतर एक दूसरे के सम्पर्क में आती रहती है जो समाज के अन्दर अथवा समाजों के बीच हो सकती है।

**कोड :**

(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, परन्तु (*R*), (*A*) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है, परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है, परन्तु (*R*) सत्य है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** Assertion (*A*) : Change brings about increasing social and cultural differentiation and complexity.
Reason (*R*) : Change is the product of new innovations.
**Code :**
(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

**46.** Assertion (*A*) : Economic growth leads to socio - cultural changes.
Reason (*R*) : Declining birth rate spurs the economic growth.
**Code :**
(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

**47.** Assertion (*A*) : Caste in India is playing an important role in democratic politics.
Reason (*R*) : Democratic form of governance allows people to participate freely in politics.
**Code :**
(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

**48.** Assertion (*A*) : Conflicts rooted in the class struggles between unequal groups always lead to social change.
Reason (*R*) : Marx argued that class conflict is the most basic and fundamental source of all social change.
**Code :**
(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

**49.** Assertion (*A*) : The continuous change from a simple society to a more complex society has been the dominant concern of a variety of disciplines.
Reason (*R*) : Sociologists are continued to be influenced by what has come to be known as social evolutionary thought.
**Code :**
(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

**50.** Assertion (*A*) : An ethnic group is a population socially identified according to cultural criteria, such as language, religion or national origin.
Reason (*R*) : The social identification of ethnicity may be imposed by others.
**Code :**
(A) Both (*A*) and (*R*) are true and (*R*) is the correct explanation of (*A*)
(B) Both (*A*) and (*R*) are true but (*R*) is not the correct explanation of (*A*)
(C) (*A*) is true but (*R*) is false
(D) (*A*) is false but (*R*) is true

- o O o -

Prepp Your Personal Exams Guide

45. दृढ़कथन (*A*) : परिवर्तन अधिकाधिक सामाजिक तथा सांस्कृतिक विभेदीकरण और जटिलता लाती है।
तर्क (*R*) : परिवर्तन नवाचार की उपज है।
**कोड :**
(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य है, परन्तु (*R*), (*A*) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है, परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है, परन्तु (*R*) सत्य है।

46. दृढ़कथन (*A*) : आर्थिक विकास सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन लाती है।
तर्क (*R*) : जन्मदर में गिरावट आर्थिक विकास को प्रेरित करती है।
**कोड :**
(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, परन्तु (*R*), (*A*) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है, परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है, परन्तु (*R*) सत्य है।

47. दृढ़कथन (*A*) : भारत में जाति जनतांत्रिक राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।
तर्क (*R*) : जनतांत्रिक शासन व्यवस्था जनता को राजनीति में स्वतंत्र रूप से भाग लेने की सहूलियत प्रदान करता है।
**कोड :**
(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, परन्तु (*R*), (*A*) को सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है परन्तु (*R*) सत्य है।

48. दृढ़कथन (*A*) : असमान समूहों के बीच वर्ग-संघर्ष में निहित द्वन्द्व हमेशा सामाजिक परिवर्तन लाता है।
तर्क (*R*) : मार्क्स का तर्क था कि वर्ग संघर्ष सभी सामाजिक परिवर्तनों के मौलिक तथा आधारभूत स्रोत है।
**कोड :**
(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, परन्तु (*R*), (*A*) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है परन्तु (*R*) सत्य है।

49. दृढ़कथन (*A*) : सरल समाज से जटिल समाज में परिवर्तन की निरंतर प्रक्रिया प्रत्येक अध्ययन विषय की प्रभावी चिन्ता रही है।
तर्क (*R*) : समाजशास्त्रियों पर उस विचार का काफी प्रभाव रहा है जिसे हम उद्विकसीय विचार कहते हैं।
**कोड :**
(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, परन्तु (*R*), (*A*) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है परन्तु (*R*) सत्य है।

50. दृढ़कथन (*A*) : नृजातीय समूह जनसंख्या का वह भाग है जिसकी सामाजिक पहचान सांस्कृतिक तत्व यथा, भाषा, धर्म अथवा राष्ट्रीय मूल के आधार पर की जा सके।
तर्क (*R*) : नृजातीयता की सामाजिक पहचान दूसरों के द्वारा आरोपित हो सकती है।
**कोड :**
(A) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं और (*R*), (*A*) की सही व्याख्या करता है।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों कथन सत्य हैं, परन्तु (*R*), (*A*) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (*A*) सत्य है परन्तु (*R*) असत्य है।
(D) (*A*) असत्य है परन्तु (*R*) सत्य है।

-oOo-